तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025

11 धरती आबा जनभागीदारी अभियान के शिविरों में...

12 अर्जुनी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान...




छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

**समाज :** संस्कृति के आधार पर राष्ट्रीय जनगणना के धर्म के कालम में आदिवासी लिखेंगे

# गोंड़वाना महासभा के अधिवेशन पर जन्म मृत्यु व विवाह संस्कार के पालन पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छ.ग.गोडवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद का वार्शिक अधिवेशन, त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव मे नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियो का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन 23 को नगर पंचायत अर्जुन्दा मे किया गया है। जिसमे 24 जून को अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिरुमाल उमेंदी राम गंगराले प्रांतीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ गोंण्डवाना गोंड़ महासभा व कार्यक्रम की अध्यक्षता तिरुमाल प्रेमलाल कुंजाम जिलाध्यक्ष बालोद ने किया। मुख्य अतिथि गंगराले ने सामाजिक नियमावली के तहत जन्म संस्कार, विवाह संस्कार व मृत्यु संस्कार का पालन कराने संबंधी समीक्षा प्रत्येक बैठक में करने की नसीहत दी, हम आदिवासी है, हमारी प्राचीन संस्कृति है, अपनी पवित्र संस्कृति बचाये रखना है, इसी संस्कृति के आधार पर हम आने वाले राष्ट्रीय जनगणना में धर्म के कालम में आदिवासी लिखेगें। इसके पूर्व सर्व प्रथम तिरुमाल दुष्यत ओंटी मुख्य पुजारी के मार्ग दर्शन में मुख्य अतिथि तिरुमाल उमेंदी राम गंगराले व कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे तिरुमाल प्रेमलाल कुंजाम के द्वारा ईष्टदेव आदिशक्ति बड़ादेव की पूजा अर्चना कर झंडा फहराया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों का बेच, गमछा व पीला चांवल लगाकर सम्मान किया, फिर बाद जिलाध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने स्वागत भाषण दिया व आगामी कार्ययोजना पटल में रखा, साथ ही कोषाध्यक्ष द्वारा साल भर का हिसाब सभा को जानकारी दी।



### प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

विशेष अतिथियों ने भी अपना अपना विचार रखे इसमें सर्व तिरुमाल तुकाराम कोर्राम ने अपनी संस्कृति रुढ़ी प्रथा और आज की नव प्रवेशी संस्कृति से सावधान रहने की नसीहत दी, तिरुमाल ढालसिंह कुंजाम ने सामाजिक नियमावली के विवाह संस्कार में होने वाले फलदान के महत्व को बताया, तिरुमाल सेवंत मंडावी ने सामाजिक कार्यक्रम में सामाजिक सेवा देने पर बल दिया, कामता प्रसाद ध्रुरवे ने मातृशक्तियों को देव स्थल में महत्व देने की नसीहत दी, फिरंता उईके ने अपने तहसील के कार्यक्रम को उदाहरण देते हुऐ जिला स्तर में भी कार्य योजना रखने पर बल दिया। साथ ही 10 वीं व 12वीं के प्रतिभा वान छात्र छात्रओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्व उपाध्यक्ष सुखचौन नेताम, उपाध्यक्ष देवेन्द्र उईके, कोषाध्यक्ष मोतीराम उईके, तिरुमाल सचिव गैंदलाल खुरश्याम, अंकेक्षक ईश्वर उईके, अध्यक्ष डौंडीं आत्माराम कौड़ौ, अध्यक्ष अर्जुन्दा सेवंत मंडावी, डौंडीं बी ढालसिंह कुंजाम, अध्यक्ष डौंडीं लोहारा इंद्रपाल तुमरेकी, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नागेश्वर सलाम, अध्यक्ष महिला प्रभाग जितेश्वरी पडोटी, उपाध्यक्षों मंजू प्रभाकर, अध्यक्ष गुरुर उत्तरा मरकाम, हेमलता मंडावी, नंदनी नेताम उपस्थित थे।

# लाखों का वाटर एटीएम बना सफेद हाथी, डीएमएफ में घोटाला उजागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर में सार्वजनिक सुविधा के नाम पर नगर पालिका और शासन प्रशासन द्वारा लगाए गए वाटर एटीएम अब सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। लाखों रुपयो की योजनाओं से जनता को मिलने वाली शुद्ध पेयजल सुविधा आज भी सपना बनी हुई है, जबकि ये एटीएम अब जंग खा रहे हैं। दल्लीराजहरा नगर पालिका परिसर और बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों में इन 5 वर्ष पूर्व डीएमएफ फंड से वाटर एटीएम को स्थापित किया गया था, ताकि आमजन, यात्री और राहगीर न्यूनतम शुल्क में शुद्ध पानी पा सकें, लेकिन स्थिति यह है कि ये एटीएम शुरू होने से पहले ही दम तोड़ चुके हैं।

■ मशीन जंग खाती पड़ी है और जनता को राहत नहीं

**लाखों रुपए हुए बर्बाद, जवाबदेही शून्य-** इन मशीनों की कीमत लाखों में है, लेकिन न कोई संचालन एजेंसी, न रखरखाव की व्यवस्था और न ही कोई निगरानी तंत्र सक्रिय है। यह पूरी योजना आज /"कागज़ी घोड़ा/" बनकर रह गई है, जिसका लाभ आज तक किसी भी आम नागरिक को नहीं मिल पाया। अब सवाल उठता है — क्या यह भ्रष्टाचार नहीं तो और क्या है?

**प्रशासनिक लापरवाही या भ्रष्ट तंत्र ?-** स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है किः इन एटीएमों की स्थापना केवल घोषणा और प्रचार के लिए की गई थी। न कोई संचालन हुआ, न पानी आया, न कोई मॉनिटरिंग। आज ये मशीनें धूल फांक रही हैं, जबकि जनता आज भी प्यास से जूझ रही है।

**अब सवाल शासन-प्रशासन से है-** क्या मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री और जिला कलेक्टर इसकी जांच कराएंगे? क्या दोषियों पर एफआईआर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### जनहित में बड़ा सवाल

क्या नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ को इसकी जिम्मेदारी नहीं लेनी चाहिए? क्या इस योजना के पीछे कमीशनखोरी की बू नहीं आती जनता ने कहाः यह खुला घोटाला है दल्लीराजहरा के स्थानीय निवासियों ने कहा, "जब लाखों की लागत से मशीनें लगाई गईं, तो संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी किसकी थी? अब मशीनें सड़ रहीं हैं, और जनता ठगा सा महसूस कर रही है। क्या यह पैसा किसी अफसर की जेब में गया?

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बालोद।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम बिरेतरा निवासी मिथलेश विश्वकर्मा पिता गेंदलाल विश्कर्मा 23 वर्ष ने अपने घर मे शुक्रवार की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों के अनुसार मिथलेश विश्वकर्मा अपने माता पिता के साथ दल्लीराजहरा में रहता था। पैतृक घर ग्राम बिरेतरा में वह अपनी दादी के पास दो माह से रह रहा था। दादी शिव महापुराण सुनने गई थी। इसी दौरान उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### सेफ्टी सर्कल स्पर्धा में टॉप 20 टीमों ने दी प्रस्तुति

**भिलाई।** बीएसपी के एचआर-सार्वजनिक एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता 'सुरक्षा में भाग लेने वाली 83 टीमों में से चयनित शीर्ष 20 टीमों ने निर्णायकों के समक्ष पुनः प्रस्तुति दी। सुरक्षा स्पर्धा में निष्पक्षता व संतुलन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रथम 20 चयनित टीमों को अन्य निर्णायकों के समक्ष दोबारा प्रस्तुतियां देने का अवसर प्रदान किया गया। इनके कार्यों का मूल्यांकन चार निर्णायक पैनलों द्वारा किया गया। एसके महतो, पुष्पा एम्ब्रोज़ आदि मौजूद थे।

### आपातकाल में लोकतंत्र की हत्या विषयक कार्यक्रम आज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार भारत में आपातकाल लगाए जाने के पश्चात 50 वर्ष पूर्ण होने पर आपातकाल के दौरान 'लोकतंत्र की हत्या' के संबंध में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 25 जून को बालोद नगर पालिका परिषद के टाउन हॉल में किया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अंतर्गत अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा को संपूर्ण कार्यक्रम के सूचारू संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार बालोद को मंच में बैठक व्यवस्था, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को टाउन हॉल बालोद में आवश्यक बैठक व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, पेयजल एवं स्वअल्पाहार की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं ई–जिला ▶▶| शेष पेज 10 पर

# गुंडरदेही में हुआ सामुदायिक भवन के नवीनीकरण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



जनपद रोड स्थित सामुदायिक भवन के मरम्मत एवं संधारण कार्य का भूमि पूजन सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत सीएमओ किरण पटेल, उपाध्यक्ष विजय सोनकर शैल महोबिया, पूजा बिंझेकर, सेवक महिपाल, अशोक महोबिया व अन्य लोग उपस्थित रह। प्रमोद जैन ने बताया कि इस सामुदायिक भवन को नए सिरे से रिनोवेशन का कार्य किया जाएगा। इसके मरम्मत एवं संधारण के लिए शासन के द्वारा 30 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही नगर पंचायत के सार्वजनिक शौचालयो के मरम्मत के लिए भी 36 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें टाइल्स, एसीपी, वास बेसिंग, सीट एवं सभी कार्य का मरम्मत कर नया लगाया जाएगा। जिसके तहत बस स्टैंड के पीछे सार्वजनिक ▶▶| शेष पेज 10 पर

### मानसून की देरी से किसानों की बढ़ी चिंता

**लाटाबोड़।** जिले में मानसून की देरी से किसानों की परेशानी बढ़ गई है, आसमान में उमड़ रहे घनघोर बादल किसानो को छलते नजर आ रहे है, क्षेत्र में मानसून के शुरुआती दिनों में केवल हल्की बूंदाबांदी हुई है, झमाझम बारिश का अभी तक इंतजार है, इन दिनों किसानों ने खेत में धान की नर्सरी तैयार कर ली है, लेकिन बारिश न होने से रोपाई नहीं कर पा रहे है। किसान बेसब्री से बारिश होने का इंतजार कर रहे है। आषाढ़ का महीना खरीफ फसल के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। पसौद लुकेशवर साहू कृषक हेमूराम निर्मलकर रामकुमार साहू बल्ला निर्मलकर ने बताया कि अगर किसान आषाढ़ में खेती नहीं कर पाता, तो उसकी फसल संवारना मुश्किल हो जाता है। आषाढ़ में ही खरीफ की शुरुवात होती है पिछले कुछ दिनों से आसमान से हल्का बूंदा बांदी हुआ बारिस नहीं हो रही है। उमस बनी हुई है आसमान में रोज बादल छाते हैं, लेकिन बारिश नहीं हो रही है किसानों का कहना है कि अगर यही स्थिति रही तो धान की नर्सरी खराब हो जाएगी। इससे क्षेत्र के अधिकांश किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। कम समय में तैयार होने वाली प्रजाति का बीज नर्सरी में डालें धान की नर्सरी डालने का सबसे उपयुक्त समय दस जून या उसके बाद का समय माना जाता है। इसके पहले डाली गई नर्सरी को रोगग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है, इसको तैयार होने में कम से कम 20 दिन का समय लगता है, तैयार होने पर नर्सरी को उखाड़ कर रोपाई की जाती है ।

### भारतीय जनता पार्टी मण्डल ओटेबन्द में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

# बलिदान दिवस पर डा. मुखर्जी के त्याग व तपस्या पर किया गया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



भारतीय जनता पाटएँ मण्डल ओटेबन्द में डॉ श्यामा प्रसाद मुखजएँ का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुखजएँ के तैल छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। संगोष्ठी में मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू ने प्रस्तावना रखे, जिस पर भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष लेख राम साहू, पूर्व महामंत्री इंद्रपाल सिंह चंद्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुरूषोतम लाल चंद्राकर, संगोष्ठी कार्यक्रम के जिला सह संयोजक कमलेश पाण्डे ने संगोष्ठी पर विचार रखे। पूर्व जिला उपाध्यक्ष साहू ने कहा कि मुखजएँ ने भारतीय जन संघ की स्थापना की और प्रथम अध्यक्ष बने गए, पूर्व जिला महामंत्री चंद्राकर ने कहा कि मुखजएँ ने स्वतंत्र भारत के प्रथम वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री बने इनका उद्देश्य ग्रामीण आबादी की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार करके ग्रामीण क्षेत्रें में स्मार्ट गांव बनाना। जिला उपाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखजएँ एक भारतीय राजनीतिज्ञ बैरिस्टर और शिक्षाविद थे, जनपद अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि मुखजएँ जी जेल में नजरबंद थे और इनकी मृत्यु जेल में हुई। जिला सह संयोजक पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की मदद से उन्होंने 1951 में भारतीय जनता पाटएँ के पूर्ववतएँ भारतीय जन ▶▶| शेष पेज 10 पर

### डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस मनाया



**बालोद।** ग्राम रजोली मे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जीके बलिदान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पाटएँ के संगठन के द्वारा मंडल के शक्तिकेद्र के ग्राम रजोली में बलिदान दिवस मनाया गया। जिसमे पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर के साथ पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण सम्मिलित हुए। जहां डॉ "यामा प्रसाद मुखजी के तैलचित्र पर मल्यार्पण कर उनके द्वारा देशहित मे किए गए कार्यो को याद किया गया।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर




कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

## खबर संक्षेप



### डा. मुखर्जी ने हमेशा अखंड भारत की वकालत की

**गुण्डरदेही।** भाजपा कार्यालय में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने उनको याद करते हुए बताया कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखजएँ अखंड भारत के पक्षधर थे, उनके पुण्यतिथि पर हम उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित का नमन करते हैं। वे एक देश, एक निशान, एक विधान, एक प्रधान का मंत्र देने वाले महान राष्ट्रभक्त, प्रखर शिक्षाविद और भारतीय जन संघ के संस्थापक थे, राष्ट्रीय एकता के लिए अपने शरीर का उत्सर्ग त्यागने वाले पहले राजनीतिक बलिदानी भी कहे जा सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र राय मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, महामंत्री शैल महोबिया, विनोद चंद्राकर, भाजपा नेता अश्विनी यादव, जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू, मंडल कोषाध्यक्ष छगन सोनकर, नगर पंचायत के पार्षद सेवक महिपाल, रोम लाल यादव, सौरभ चोपड़ा, सतीश महोबिया, मदन साहू, चेतन साहू, रवि देवांगन, चेतन सोनकर, अनिल सोनकर, लक्ष्मीकांत साहू, हेमंत चंद्राकर, अशोक महोबिया, भूषण साहू, देवेंद्र यदु, दयानंद सिंहा और भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### नवप्रवेशी छात्रों का गुलाल व मिठाई से हुआ स्वागत



**बालोद/कलंगपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर मे प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया।
इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष दिलीप कुमार कुल्हारे एवं प्रधानाचार्य टेकनारायण मंडावी के द्वारा सर्वप्रथम विद्या के देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात नवप्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर मुंह मिठाकर स्वागत किया साथ ही इस दौरान बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित संस्था के अध्यक्ष दिलीप कुमार कुल्हारे ने कहा पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई पर अपना ध्यान देगें एवं समय पर विद्यालय पर अपना उपस्थिति प्रदान करेंगें। इस अवसर पर उपस्थित संस्था के सभी सदस्यगण, आचार्य व दीदी ने बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत की। उक्त कार्यक्रम मे संस्था अध्यक्ष दिलीप कुमार कुल्हारे, उपाध्यक्ष सुधीर साहू, कोषाध्यक्ष सुफल साहू, प्रतापचंद जैन, डोंगरमल जैन, बीरेन्द्र कुंवर, प्रधानाचार्य टेकनारायण मंडावी, ओमप्रकाश साहू, ठाकुर राम निर्मल, प्रमीला साहू सहित आचार्य व दीदीगण एवं पालक उपस्थित थे।

### आमटी भाठा शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को मुंह मीठा कराया



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला आमटी भाठा में शाला प्रवेश उत्साह मनाया गया जिसमें सभी बच्चों का गुलाल लगा कर मुंह मीठा कर स्वागत अभिनन्दन किया गया । तथा माननीय प्रधानमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के बच्चों के लिए दिए गये संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी तथा पंचगण जानकी साहू , खिलेश्वरी साहू, योगिता साहू , लेखराम साहू , भारती सेन , जानकी साहू , सावित्री साहू , सोनिया साहू , मानसिंह साहू , देव कुमार साहू , मोहन लाल, जसवंत वर्मा तथा शाला के शिक्षकगण चेतन लाल साहू , संगीता पाण्डेय , उतरा साहू , शकुन साहू , आदि उपस्थित थे । इस अवसर पर सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने बच्चों को संदेश दिया कि अपने शिक्षक गणों सम्मान करना और स्कूल में पढ़ाई अच्छे से करना जिसमें स्कूल का और गांव का नाम रोशन हो।

# हाइवे पर बेखौफ दौड़ रही ई रिक्शा, ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नेशनल हाइवे पर बेखौफ तरीके से ई रिक्शा दौड़ रही है। इसके चालक ट्रैफिक नियमों कायदों को लगातार दर किनार कर चलते है। इसके कारण कई बार दो पहिया वाहन चालक हादसों का शिकार हो जाते है। चालको की मानिटरिंग नहीं किए जाने के कारण सवारी के साथ ही इसका कमर्शियल उपयोग करने लगे है। ई रिक्शा को लेकर हरिभूमि लगातार अभियान चला रही है।

ई रिक्शा के चालको की लापरवाही के कारण सवारियों की जान पर कई बार बन आती है। ई रिक्शा को लेकर सावरी ढोने के लिए किया जाता है लेकिन यहां कर्मशियल तक उपयोग किया जा रहा है। ई रिक्शा चालक ज्यादा कमाई के चलते चालक इसका उपयोग कमर्शियल भी करते है। जबकि परिवहन विभाग ने ई रिक्शा के लिए कई गाइड लाइन लागू किया है मगर चालक इसका पालन नहीं कर रहे है। कई बार अधिक रकम कमाने के चलते अपने रिक्शे में टीएमटी समेत चावल, दाल तक ढोते ओव्हर लोडिंग करते है। कई ई रिक्शा चालक सवारी ले जाते समय नियमों की बेखौफ धज्जियां उड़ा रहे है। ट्रैफिक पुलिस विभाग द्वारा ई रिक्शा के चालको की जांच नही किए जाने से कई वाहन चालक हादसों का शिकार भी होते है।

## ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से बेखौफ, बिना लाइसेंस के चला रहे वाहन

### ट्रैफिक व आरटीओ की सांठगांठ

सड़क पर चल रहे ई रिक्शा चालको पर दोनों विभागों की मेहरबानी के चलते चालकों पर कार्रवाई नहीं की जाती है। कई ई रिक्शा चालकों के पास आज भी ई लाइसेंस नहीं है। बिना लाइसेंस के सड़क पर रिक्शा चलाए करते है। इसके अलावा चालक यूनिफार्म में भी नहीं रहता है। ई रिक्शा कभी भी स्टैंड में नहीं रुकती है। कई बार सवारी भरने की जल्दी में सड़क के बीच रोड पर चालक रोक देते है।



### भीड़ से होती है दिक्कत

भिलाई-दुर्ग में ई रिक्शों की बाड आ गई है। भीड़ के कारण ई रिक्शा के चालको को खुली छूट दी गई है। कहीं से भी अपने ई रिक्शा को निकाल लिया करते है। हाइवे में कतारों में ई रिक्शा खड़ी रहती है। इससे आने जाने वालों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि ई रिक्शा चालको के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई करती आई है।

## किसानों की चिंता बढ़ी, पिछले साल वर्ष 2024 से कम बारिश

# पहली बार ऐसा कि दोबारा लौटा मानसून सप्ताहभर से बारिश का हो रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मई महीने में 50 साल के बाद मानसून समय से पहले आ गया। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा आने के बाद मानसून आगे बढ़ा नहीं और लौट गया। तीन दिन पहले 18 व 19 जून को फिर मानसून की वजह से प्रदेश के कई जिलों में अच्छी बारिश हुई लेकिन यह फिर से रूठ गया। इस तरह दो बार हो गए मानसून लौट गया है। सप्ताहभर से मानसूनी बारिश का इंतजार हो रहा है। खासकर किसानों के लिए यह चिंता का विषय है। रबी फसल बुवाई का सीजन प्रारंभ हो गया है लेकिन बारिश का नामो-निशान नहीं है।

## खेती-किसानी के साथ ही सेहत पर भी पड़ रहा है असर



### प्रदेश में दुर्ग का तापमान सबसे ज्यादा

बारिश नहीं होने की वजह से तापमान बढ़ने लगा है। दुर्ग का तापमान पूरे प्रदेशभर में सबसे ज्यादा 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान बढ़ने से लोगों को चिपचिपाहट भरी गर्मी झेलनी पड़ रही है। शनिवार को तेज धूप थी लेकिन रविवार को पूरे समय आसमान पर बदली छाई रही। बादल आते-जाते रहे। शाम 4 बजे तो ऐसा लगने लगा था कि कि बारिश जमकर होगी। इसलिए कि घने काले बादल मंडराने लगे थे लेकिन हवा का रूख ऐसा बदला कि बारिश हुई ही नहीं।

### उत्तर की तरफ चला गया मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक मानसूनी हवाएं उत्तर की तरफ चली गई है। इस स्थिति तें गैंडफाल के लिए दिक्कतें आती है। 25 जून से मानसून का सिस्टम बन रहा है। इसलिए कि हवा की दिशा परिवर्तित हो रही है। ऐसी उम्मीद है कि इस बदलाव से मानसून फिर वापस आएगा और अच्छी बारिश होगी। मौसम विभाग ने इस साल 106 प्रतिशत बारिश होने का अनुमान लगाया है लेकिन अभी तक बारिश की शुरूआत अच्छी नहीं होने की वजह से लोग चिंतित हैं।

### 25 जून से बारिश की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास 25 जून को बनने की संभावना है। 23 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में 1-2 स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है।

### तीन द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश और उसके आसपास स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका गुजरात के मध्य भाग से बांग्लादेश के मध्य भाग तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर पंजाब से उत्तर बिहार तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### 1.36 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगनी है धान की फसल

दुर्ग जिले में 1.36 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की फसल ली जानी है। किसानों ने मानसून समय से पहले आने की वजह से खर्रा बोनी शुरू कर दी थी लेकिन बारिश नहीं होने से बीज खराब होने लगे हैं। किसानों ने बताया कि 30 प्रतिशत किसानों के खेतों की जोताई हो पाई है लेकिन दोबारा बीज डालकर जोताई नहीं कर पाए। 60 प्रतिशत किसानों ने खेतों में बीज ही नहीं डाला है। केवल जिन किसानों के पास कृषि पंप है वहीं किसान बुवाई का कार्य कर रहे हैं। थरहा भी लगा रहे हैं। पानी अपने खेतों में पहुंचाने के लिए लोग दूसरे के कृषि पंप से पानी पैसे देकर लेने लगे हैं।

# लाभ संतृप्ति शिविरों से ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत मंगलवार 24 जून को जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम लासाटोला में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। इन क्षेत्रें में निवास करने वाले जनजातीय परिवार के लोगों को मुनादी एवं अन्य माध्यमों से शिविर आयोजन के जानकारी देने के साथ–साथ अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि मंगलवार 24 जून को बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत देवारभाट एवं सेम्हरकोना के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम लासाटोला में आयोजित शिविर में ग्राम लासाटोला के ग्रामीण शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में चयनित ग्रामों के जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, महिला एंव बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्जवला, कौशल प्रशिक्षण, इत्यादि सेवाएं प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही सिकल सेल, की जॉच व स्वास्थ शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय परिवार के लोगों को उन्हें प्रदान की जाने वाली विभिन्न 17 विभागों के 25 सेवाओं एवं योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी।

### महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी में भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी विधायक से शिकायत

**भिलाई।** रविवार को भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ने अपने सेक्टर 5 स्थिति निवास में लोगों से मुलाकात की। इस दौरान एचएलसीएल सेक्टर 6 के लोग भी विधायक के पास पहुंचे। लोगों ने विधायक को बताया कि उनके क्षेत्र में बिजली की बड़ी समस्या है। आए दिन बार-बार बिजली गुल होता है। बार-बार शिकायत के बाद भी बिजली को सुधार नहीं जाता। कई दिन 12 घंटे 24 घंटे तक भी लाइट गोल रहती है। इस वजह से क्षेत्र के लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की समस्याओं को सुनकर विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है।


# डीईओ से रसोइया संघ ने समस्याओं पर की चर्चा, मिला शीघ्र निराकरण का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद।

छ.ग माध्यान भोजन रसोईयां संघ बालोद के पांच ब्लाको के पदाधिकारी के साथ सदस्य सोमवार को अपनी समस्या लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर अपनी समस्याओ को गिनाया व उन्हे दूर करने की मांग की। जिस पर अधिकारी द्वारा उन्हे आश्वासन दिया गया है।

अपने मानदेय न मिलने को लेकर लगातार ज्ञापन व अन्य माध्यम से अपनी बात रखते हुए पांच ब्लाक के रसोईयां 50 की संख्या मे जिला मुख्यालय पहुंचे थे।

छ.ग. स्कूल मध्यान भोजन रसोईया संयुक्त संघ द्वारा मध्यान भोजन रसोईयो को शिक्षक एवं समूह के द्वारा खाना बनाने के लिए दबाव करने की शिकायत करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन



सौपा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि मध्यान भोजन रसोईयां संघ के द्वारा 16 जून से 30 जून तक मानदेय न मिलने के कारण संबंधित कार्यालयो मे ज्ञापन दिया गया है लेकिन कुछ शालालो मे शिक्षक एवं समूह के द्वारा खाना बनाने के लिए रसोईयो पर दबाव बनाया जा रहा है। इस दौरान उनके द्वारा जिला मुख्यालय मे बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमे प्रस्ताव पारित किया गया कि जून माह मे हड़ताल कार्य बंद के संबंध मे चर्चा की गई जिसमे रसोईयो को खाना बनाने के लिए संचालनकर्ता एवं शिक्षक के द्वारा दबाव दिया जा रहा है उस संबंध मे अधिकारियो को ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देने की बात बैठक मे उठी।

वही दो प्रस्ताव पास किये गए जिसमे छ.ग. मध्यान भोजन रसोईया का अर्निि"चतकालीन हड़ताल प्रदेश स्तर पर होना चाहिए व मध्यान भोजन रसोईयो को एक साथ सभी को सामुहिक स्थीपा दिया जाना चाहिए।

# कोरगुड़ा व फरदडीह में योग दिवस मनाया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में ग्राम कोरगुड़ा व फरदडीह में विश्व योग दिवस मनाया गया, बालोद जिले के सभी नियमित योग कक्षा में भी योग किया गया एवं भारतीय जनता पार्टी के आयोजन में भी पतंजलि के योग शिक्षकों ने मंडल स्तरीय योग शिविरों में जाकर योग सिखाया गया।कोरगुड़ा के शिविर में मुख्य योग शिक्षक संतोष देवांगन मुख्य अतिथि मुकेश आरदा भारत स्वाभिमान न्यास जिला अध्यक्ष बालोद एवं विशेष अतिथि के रूप में केवल सिंह कामड़ी संगठन मंत्री भा.स्वा.न्यास बालोद ने योग किया। शिविर में मुकेश आरदा ने बताया कि योग को हमारे दैनिक जीवन में लाएं, योग एक दिन का नहीं अपितु जीवनशैली है जैसे हम भोजन के बिना 20 से 21 दिनों तक जीवित रह सकते हैं लेकिन बिना स्वांस के एकपल भी जीना संभव ही नहीं है। इसीलिए योग प्राणायाम बहुत ही जरूरी है। प्राणायाम करेंगे तो शरीर में कोई भी विजातीय तत्व ठहर नहीं सकता।

### खपरी (सिलोदा) स्कूल में योग दिवस मनाया



**अंडा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम खपरी के स्कूल प्रांगण में विविध योग,आसन व प्राणायाम का सामूहिक अभ्यास किया गया। सांसद प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच नारायण साहू के आतिथ्य में, प्रधान पाठक जीवन लाल चन्द्राकर द्वारा क्रमशः आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।सर्वप्रथम प्रार्थना से शुरू करते हुए,क्रमशः खड़े होकर करने वाले आसन,पीठ के बल लेटकर करने वाले आसन, पेट के बल करने वाले आसन,बैठ कर करने वाले आसन,फिर भस्त्रिका, कपाल भांति, अनुलोमविलोम, भ्रामरी, शीतली, शीतकारी,ध्यान, संकल्प किये। नारायण साहू ने समुदाय से कहा कि हमें/" जो करेगा योग, वो रहेगा निरोग" संदेश को अपने जीवन में उतारना होगा, तभी हम अपने शरीर को स्वस्थ रखते हुए सुविधाओं का उपभोग कर सकते हैं, वरना बीमार शरीर के लिए सारी सुबिधा बेकार है।

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरूर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

# तन मन की तंदुरस्ती को बनाए रखने में योगाभ्यास अचूक औषधि के है समान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 11 वर्ष के अवसर पर 21 जून को प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरूर द्वारा 11वे योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मण व योग शिक्षक रामेश्वर भाई व राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी बहन सरस दीदी के निर्देशन में किया गया। इसके अलावा गणमान्य नागरिक व ब्रह्मकुमारी भाई बहनों की उपस्थिति रही। डॉ लक्ष्मण उमरे ने योग के बारे में विस्तृत जानकारी दिए, उन्होंने योग के विभिन्न प्रकार प्राचीन महत्त्व व योग से होने वाले फायदे के बारे में बहुत सार्थक जानकारियां दिए। बीके सरस दीदी ने भी योग के महत्व को समझाते हुए कहा कि योग अपने मन और तन को स्वस्थ रखने में महती भूमिका



निभाती हैं। योग से बहुत सारे रोगों का निदान व बहुत सारे समस्याओं का हल निकल सकता है, क्योंकि इससे हमें एकाग्रता की शक्ति को बल मिलता है और एकाग्रता से हम बड़े से बड़े मंजिल को पा सकते है। आज सभी ने शारीरिक योग को महत्व देते हुए इस विशेष बना दिया है, लेकिन हमारे जीवन में खुशहाली के लिए शारीरिक योग के साथ मानसिक योग भी बहुत जरूरी शारीरिक योग से तो शरीर स्वस्थ रहता है लेकिन अगर हमारा मन ही कमजोर रहे तो यह योग का भी कोई फायदा नहीं। कहा जाता है मन दुरुस्त तो तन तंदुरुस्त हैं अगर हमारा मन ही दुखी अशांत रहेगा तो कितना भी योग करें जिसको हम एक्सरसाइज बोलते हैं उससे कोई क्या फायदा हो सकता है आज हम सब अपने शरीर को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज तो करते हैं लेकिन फिर भी सब दुखी हैं, अशांत है शांति चाहिए सबको अगर मन शांत और खुश होगा तो उसका प्रभाव शरीर के ऊपर भी पड़ेगा और फिर शरीर भी स्वस्थ रहेगा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए तो हम योग करते हैं जिससे हम स्वस्थ रहते हैं लेकिन मन को स्वस्थ रखने के लिए हमें राजयोग चाहिए, दुनिया में अनेक प्रकार के योग होते हैं जो मनुष्य द्वारा सिखाए गए हैं लेकिन सबसे उत्तम सर्वश्रेष्ठ योग है राजयोग जो परमात्मा द्वारा सिखाया गया है राजयोग यह आत्मा का योग परमात्मा के साथ बीके रामेश्वर भाई द्वारा भी योग के विभिन्न पहलुओं के महत्व को समझाते हुए योगाभ्यास कराए।

## पेज 9 के शेष...

### लाखों का वाटर...

दर्ज होगी? या फिर यह भी एक और "पायलट प्रोजेक्ट" बनकर सरकारी फाइलों में दम तोड़ देगा? समाप्त नहीं, शुरुआत है — जनसवालों की हम इस मुद्दे को उठाते रहेंगे, जब तक जनता को जवाब और न्याय नहीं मिल जाता। दल्लीराजहरा की आवाज़ अब दबेगी नहीं। **क्या कहते हैं अधिकारी और जनप्रतिनिधि-** नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर कहते हैं कि आपके माध्यम से यह मामला संज्ञान में आया है मेरे कार्यकाल का नहीं है फाइल चेक करके बता पाऊंगा। भाजपा के सौरभ लुनिया सहित अन्य लोग कहते हैं कि किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा ,चाहे वह कोई भी हो,इसकी जांच कराई जाएगी।

### आपातकाल में ...

प्रबंधक को आपातकाल पर आधारित फोटोग्राफ, प्रदर्शनी एवं कार्यक्रम स्थल पर आपातकाल पर आधारित फिल्म दिखाए जाने आवश्यक व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मीसा बंदियो, परिजनों को कार्यक्रम स्थल पर ले जाने तथा पंचायत विभाग के उपसंचालक को बैंक ड्रॉप एवं फ्लेक्स लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर संगोष्ठी, परिचर्चा हेतु आवश्यक व्यवस्था, वक्ता लोगों को आमंत्रित करना एवं जिले के समस्त स्कूल, कॉलेजों में आपातकाल पर आधारित चर्चा, परिचर्चा, संवाद, वाद–विवाद, निबंध लेखन इत्यादि की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद, जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को शाम 06 बजे तिरंगा यात्र एवं विशाल मशाल रैली टाउन हॉल से शहर के प्रमुख चौक चौराहा तक की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है।

### गुंडरदेही में हुआ...

शौचालय, वार्ड नंबर 4 का सार्वजनिक शौचालय, वार्ड नंबर 6 का सार्वजनिक शौचालय, बघमरा एवं चौनगंज इस प्रकार कुल 8 सार्वजनिक शौचालयो का कार्य प्रगति पर है। 30 जून तक के कार्य को कंप्लीट करने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। साथ ही सभी शौचालयों में केयरटेकर रखने के लिए बैठक करके उक्त कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही अटल परिसर एवं सीसी रोड नाली एवं जनपद रोड में स्थित उद्यान का भी निरीक्षण कर ठेकेदारों को अति शीघ्र कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

### बलिदान दिवस पर...

संघ की स्थापना की एवं इनकी मृत्यु 23 जून 1953 में हुई इस संगोष्ठी की संचालन मंडल संयोजक थानसिंह मंडावी ने किया एवं आभार व्यक्त मंडल सह संयोजक कौशल किशोर साहू ने किया। इस अवसर पर महामंत्री हेमंत साहू, तुलेश्वर चंद्राकर, उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल, हेमलता देशलहरा, जनपद सदस्य संध्या मनोज खरे, संयोजक घना राम साहू, उमाशंकर नेताम, भूपेन्द्र निषाद, दालसिंह मंडावी, जामवंत देशमुख, योगेश शर्मा डॉ देवकुमार साहू, सहसंयोजक पुखराज निर्मलकर, इंद्रजीत चंद्राकर, रविन्द्र देशलहरा, भूपेन्द्र देवांगन, तुलसी साहू, देवेन्द्र सिन्हा, सरपंच लक्ष्मी मंडावी, ज्योतेश्वरी साहू, महेन्द्र साहू, महेन्द्र सोनकर, जीवन साहू एवं भाजपा कार्यकर्ता शत्रुघन साहू, चूरामन लाल साहू, देवकुमार साहू, कृष्ण चंद्राकर, केके. साहू, राकेश चंद्राकर, भीषम साहू, पूनम साहू, ज्योति प्रकाश साहू, नेमचंद साहू, रमन साहू, दिनेश साहू, आगेश यादव, कुणाल कुर्रे, डोमन लाल साहू, डॉ हीरा लाल साहू,सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## लेखशिखा व अदिति का प्रयास विद्यालय में चयन

**डौंडीलोहारा।** पी एम श्री सेजेस डौंडीलोहारा में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी छात्रा लेखशिखा साहू पिता श्री मेघनाथ साहू और अदिति साहू पिता श्री चन्द्रेश कुमार साहू का छ.ग. शासन द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय सत्र (2025-26) कक्षा 9वी में प्रवेश हेतु मेरिट सूची में चयनित हुए है। जिसमें स्कूल के विषय शिक्षकों के द्वारा पूर्व प्रश्न पत्रों का एवं पाठ्यक्रम का अभ्यास तथा छात्रों की मेहनत से सफलता मिली है । प्रयास आवासीय विद्यालय में शासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए बेहतर शिक्षा के साथ -साथ, इंजीनियरिंग, एम बी बी एस , नर्सिंग, एवं एन. डी. ए. की कोचिंग संस्थान के द्वारा छात्र/छात्राओं को दी जाती हैं । इस तरह चयनित प्रतिभावान छात्रों को पी एम श्री सेजेस डौंडीलोहारा के प्राचार्य डी. आर.देवहरे, माध्यमिक प्रधानपाठिका व्ही. चंद्राकर,एस. आर.पटेल(कक्षा शिक्षक),एस.आर. साहू (विज्ञान शिक्षक) एस एस वैष्णव शिक्षक संस्कृत, एस बोरकर शिक्षक गणित, जी के साहू SST सर एवं समस्त संस्था द्वारा चयनित छात्रा लेखशिखा एवं अदिति साहू को उनके सफलता व उज्वल भविष्य के लिये बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई ।

## प्रगति स्कूल के प्रवेशोत्सव में नवीन कक्ष का लोकार्पण

**डौंडीलोहारा।** प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्व सरदार सुरजीत सिंह भाटिया की स्मृति में श्री बलदेव सिंह भाटिया द्वारा प्रदत्त नवनिर्मित कक्ष का लोकार्पण एवं नवीन शिक्षा सत्र के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 25 जून को होगा,विद्यालय के पूर्व छात्र नमो लोढा ने विद्यालय में 12 वीं उत्तीर्ण करने के बाद एक संकल्प लिया था कि इस विद्यालय के विकास के लिए कुछ सहयोग करूंगा , इसी क्रम में उन्होंने समाजसेवी भाटिया परिवार से अपने विद्यालय की वस्तुस्थिति से अवगत कराया, और एक कमरा निर्माण हेतु सहयोग मांगा , इस पर त्वरित निर्णय देते हुए श्री बलदेव सिंह भाटिया जी ने अपने पिता श्री की स्मृति में एक कमरे का निर्माण कराया , जिसका लोकार्पण नमो लोढा की दादी श्रीमति शांति बाई लोढा के मुख्य आतिथ्य एवं लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत की अध्यक्षता में होगा , विशिष्ट आतिथि के रूप में संस्था अध्यक्ष हस्तीमल सांखला , संस्था सचिव फूलचंद डोसी एवं प्रमुख सहयोगकर्ता के रूप में नमो लोढा उपस्थित होंगे , इसी लोकार्पण अवसर पर विद्यालय के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का प्रवेश उत्सव भी होगा , जिसमें पालकगण समिति एवं अन्य उपस्थित होंगे।उक्ताशय की जानकारी संचालक ललित सिंह गौर ने दी।

## कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**बालोद।** कृषि विभाग के अंतर्गत डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कृषक निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र संबंधित जिले के कार्यालय उप संचालक कृषि में 31 जुलाई तक निःशुल्क प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त संबंध में अधिक जानकारी कृषि विभाग के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

### शिविर : राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड आदि की सौगात मिली

# धरती आबा जनभागीदारी अभियान के शिविरों में हितग्राहियों की समस्याओं का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के सभी विकासखण्डों के चयनित स्थानों पर निरंतर लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में आयोजित होने वाली शिविरों में जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में जनजातीय वर्ग के ग्रामीण एवं हितग्राही अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुँच रहे हैं। इसके अंतर्गत आज जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भरदा लो, बालोद विकासखण्ड के ग्राम अमोरा, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कपरमेटा एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बोरगहन में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के अवसर पर जनजातीय वर्ग के लोगों के मांगों एवं समस्याओं का निराकरण किया गया। लाभ संतृप्ति शिविर के अवसर पर अपने मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण होने पर जनजातीय वर्ग के ग्रामीण एवं हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। उन्होंने केन्द्र सरकार के द्वारा बहुपयोगी आयोजित इस शिविर की सराहना करते हुए इसे जनजातीय समाज के लोगों के मांगों एवं समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। आज जिले के ग्राम भरदा लो, अमोरा, कपरमेटा एवं बोरगहन में आयोजित शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में नया राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड आदि की विभिन्न सौगात मिला। भरदा लो में आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित करने हेतु ई-केवायसी कराने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न होने से ग्राम बनगांव के कृषक कीर्तन कोसमा एवं अंजोरी राम तथा नया राशन कार्ड बनने से आशा बाई के अलावा अपने पुत्र के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न होने पर सावित्री बाई एवं अमरोतिन बाई ने शिविर आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की है। उन्होंने लाभ संतृप्ति शिविर के आयोजन को अपने जैसे जनजातीय परिवार के अनेक गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए बहुत बड़ा सहारा एवं उपयोगी बताया है।

### सिकलसेल एवं एनीमिया की जाँच की गई



इसी तरह शिविर में 07 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, 04 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड से लाभान्वित किया गया। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम अमोरा में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 04 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 07 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 09 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड तथा वनाधिकार पत्रधारी 03 —षकों को पशुपालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में पहुँचे 22 हितग्राहियों का सिकलसेल एवं एनीमिया भी जाँच किया गया। इसके अलावा शिविर स्थल पर स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### 5 हितग्राहियों को विद्युत एवं सोलर कनेक्शन

इसी कड़ी में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भरदा लो में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 15 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 20 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 05 हितग्राहियों को किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया गया। इसी तरह शिविर में 17 हितग्राहियों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच के अलावा 03 हितग्राहियों का टीकाकरण भी किया गया। इसके साथ ही गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बोरगहन में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 08 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, 05 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 05 हितग्राहियों को विद्युत एवं सोलर कनेक्शन, 20 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, 01 हितग्राही को प्रधामनंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित किया गया। इसी तरह शिविर में 74 हितग्राहियों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच किया गया। इसके अलावा गुरूर विकासखण्ड के कपरमेटा में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 08 आवासहीन परिवारों का चिन्हांकन के अलावा 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 05 हितग्राहियों को आधार कार्ड, 03 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 02 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 05 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड, 01 हितग्राही को किसान सम्मान निधि, 01 हितग्राही को जीवन ज्योति बीमा योजना, 05 हितग्राहियों को सामाजिक पेंशन योजना, 05 हितग्राहियों को महिला सम्मान निधि, 01 हितग्राही को नल जल कनेक्शन, 04 हितग्राहियों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन तथा वनाधिकार पत्रधारी 06 —षकों को —षि विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

# शाला प्रवेशोत्सव में विधायक सिन्हा ने किया नवीन भवन का लोकार्पण, विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





ग्राम बिरेतरा नवीन भवन लोकार्पण व शाला प्रवेशोत्सव ग्राम अमोरा, नागाडबरी में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रम में संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी शामिल हुए। सभा को सम्बोधित करते हुए बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि ग्राम के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की जागरूकता के चलते बिरेतरा स्कूल का नविन भवन बन कर तैयार हुआ है। शिक्षा ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है जिसके माध्यम से हम अपने जीवन को ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं और मैं उम्मीद करती हूं कि इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे एक ने एक दिन कलेक्टर, एसपी, डॉक्टर व इंजीनियर जरूर बनेंगे। वही विधायक ने अपने निधि से विकास कार्यों की सौगात दी हैं, जिसमे बिरेतरा पंचायत शान्ति भवन के पास टीना शेड निर्माण 10 लाख, अमोरा पंचायत यादव सामुदायिक भवन निर्माण 5.20 लाख रुपये, शीतला सामुदायिक भवन निर्माण 5.20 लाख रुपये कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक ने पंचायत के प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को बधाई देते हुए , क्षेत्र में सतत विकास कार्य करते रहने की बात कही। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, महामंत्री रोहित सागर, जनपद सदस्य हुलसी साहू, ग्राम पंचायत सरपंच बिरेतरा टेमन साहू, अमोरा सरपंच शुभांजलि गंजीर, अरुण साहू, विजय साहू, मोहित साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कापसी में शाला प्रवेशोत्सव के साथ नई सत्र की शुरुआत, सरपंच व शिक्षाविद रहे उपस्थित



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला कापसी में नई शैक्षिक सत्र 2025-26 की शुरुआत के साथ शाला में नवप्रवेशी बच्चो के स्वागत हेतु कार्यक्रम का आयोजन शाला भवन में रखा गया। जिसमें नवप्रवेशी बच्चों के साथ उनके पालक भी उपस्थित थे। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक शाला में कार्यक्रम का आयोजन और सरल वातावरण निर्माण हेतु किया जा रहा है।कार्यक्रम में ग्राम कापसी के सरपंच कौशलेश देवांगन ने अपने उद्बोधन में बच्चो को नैतिक शिक्षा और कहा साथ ही विद्यालय की समस्त गतिविधियों के संचालन हेतु संसाधनों को उपलब्ध करवाने और हर संभव सहयोग पंचायत द्वारा दिए जाने की बात कही। सेवानिवृत शिक्षक शिक्षाविद उमराव सिंह आलसरे द्वारा विद्यालयीन गतिविधियों की जानकारी दी गई उन्होंने सभी बच्चों को प्रवेश के साथ भविष्य नवनिर्माण के लिए शुभकामनाएं दी। सभी बच्चों को मिठाई और खीर पुरी का वितरण कर उत्सवपूर्ण माहौल बनाया गया। कार्यक्रम के पश्चात शाला प्रबंधन समिति की बैठक में प्रबंध समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष निनेंद्र ठाकुर ,उपाध्यक्ष चांदनी भारद्वाज, सदस्य केशव देवांगन, मनीष साहू, कोशलेश कौशिक, प्रभा आलेंद्र, विद्या बाई, भीगेश्वरी पटेल, द्रोणी बाई, उमेश्वरी यादव, तिलेश्वरी साहू, महेश्वरी ठाकुर मनोनित किए गए। पालक समिति में रूपेश्वरी साहू,गंगा साहू, मोनिका देवांगन के नाम का अनुमोदन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पटेल वीर सिंह साहू, पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# चिल्हाटीकला शाला प्रवेशोत्सव में पाठ्य पुस्तकों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें शाला प्रवेशोत्सव का आगाज मुख्य अतिथि हुमलेश्वरी भुआर्य सरपंच ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला, विशिष्ट अतिथि रूपेश कुमार साहू उप सरपंच ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला एवं लीलाधर भूआर्य, चंचल साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति द्वारा ज्ञान दायिनी मां शारदे की छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर की गयी।साथ ही नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कर निः शुल्क पाठ्य-पुस्तक और गणवेश वितरण किया गया। हुमलेश्वरी भुआर्य सरपंच ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला ने अपने उदबोधन में पालकों को अपने बच्चों को तैयार कर रोजाना शाला भेजने हेतु आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि रूपेश कुमार साहू उप सरपंच ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला द्वारा बच्चों को बधाई देते हुए पूरी लगन के साथ पढ़ाई लिखाई करने कहा गया।इस अवसर पर कक्षा 5वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम गीतिका व द्वितीय हेमलता तथा कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम कविता और द्वितीय खुशी साहू को मोमेंटो भेंट कर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। तथा शाला परिवार द्वारा उत्कृष्ट पालक के लिए कक्षा 8वीं में अध्ययनरत बच्चे हिमेश कुमार के माता पेमन बाई व पिता लाल जी दोनों का श्री फल देकर सम्मान किया गया। जिसके बच्चे का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा व प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। शाला परिवार द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा व प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित प्रतिभावान बच्चे हिमेश कुमार, कविता, खुशी साहू का सम्मान किया गया। प्रधान पाठक श्री रमन लाल धनेन्द्र व राजेश यादव द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, एस एम सी पदाधिकारी, पालकगण को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त करते हुए किर्यक्रम की समापन की घोषणा की गयी।इस अवसर पर मध्यान्ह भोजन संचालन समूह द्वारा न्यौता भोज का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों को स्वादिष्ट खीर, पुड़ी, व बड़ा खिलाया गया।इस अवसर पर शिक्षक नीलकंठ धनकर, जानकी देशमुख, सहायक शिक्षक रेखा देशमुख, हितेश्वरी साहू व धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक श्री थानेश्वर लाल साहू जी, एवं एस एम सी सदस्य/पालक गण रोहित कुमार साहू, अंगेश्वर दास साहू, मनहरण पटेल, ओम भुआर्य उपस्थित थे।

# स्कूली बसों की जांच, 11 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जिले में संचालित स्कूल बस, वाहनों की जाँच एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत 11 बसों पर अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार 4900 रूपये शमन शुल्क वसूल की गई है।

जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश कुमार रावटे ने बताया कि उक्त शिविर का आयोजन 22 जून 2025 को जिले के यातायात पुलिस एवं जिला चिकित्सा अधिकारी के द्वारा संयुक्त जाँच की कार्यवाही की गई। शिविर में स्कूल, महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा 39 बसों का जाँच किया गया। जाँच के दौरान बसों के लिए निर्धारित मापदंड की जाँच के साथ-साथ वाहन का वैध परमिट, फिटनेस, वैध बीमा, प्रदुषण प्रमाण पत्र, टैक्स भुगतान, स्पीडगर्वनर, सीसीटीव्ही कैम्परा से लेस,

### 5 हजार की वसूली

जीपीएस एवं सुरक्षा मापदण्ड के अनुसार सभी स्कूल बसों, वाहनो में खिड़कियों में अनिवार्य रूप जाल, बकाया टैक्स इत्यादि की भी जाँच की गई। जिसके अंतर्गत 11 बसों पर अनियमितता जाए जाने पर नियमानुसार 4900 रूपये शमन शुल्क वसूल की गई है।

उन्होंने बताया कि जिले के कुछ स्कूल, महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा उक्त शिविर में स्कूल बसों को चेकिंग हेतु उपस्थित नही कराया गया है। ऐसे स्कूल बसों के संचालक को नोटिस जारी कर संबंधित वाहनों को जिला परिवहन कार्यालय बालोद द्वारा ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा 34 वाहन चालक एवं परिचालक के स्वास्थ्य का परीक्षण

# जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया और भाजपा ने की गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला भाजपा संगठन के निर्देश पर जनसंघ के संस्थापक व भाजपा के प्रेरणास्त्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस के अवसर मंडल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन पुराना जनपद भवन प्रांगण में किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल व पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे उपस्थित थे, इन्होने क्रमशः श्यामा प्रसाद जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा राष्ट्रहित में किये गये कार्यो का उल्लेख किया, श्री जायसवाल ने कहा कि, मुखर्जी जी का जन्म एक सम्भ्रान्त परिवार में हुआ था वे बचपन से कुसाग्र बुद्धि के थे उनका सम्पूर्ण जीवन देश लिए समर्पित था, वे स्वतंत्रता के बाद देश के मंत्री मंडल में उद्योग मंत्री थे लेकिन कांग्रेस व पं.नेहरू से मतभेद के चलते खास तौर से पश्चिम बंगाल में मुस्लिमलीग द्वारा हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार से दुखी थे तथा कश्मीर के लिए जिस प्रकार संविधान में 370 धारा व 35-ए के तहत कश्मीर के लिए अलग कानून,अलग झंडा, अलग प्रधान, का प्रावधान किया कश्मीर के यात्रा के परमिट लेने की आवश्यकता का विरोध करते हुए अपने मंत्री पद से त्यागपत्र दे कर कश्मीर में बिना परमिट के प्रवास किया, जहाँ उन्हें नजरबंद किया गया इस दौरान उनकी संदिग्ध हालत उनकी मृत्यु हो गयी,जिसका कांग्रेस सरकार द्वारा जांच भी नहीं किया गया, हमें गर्व है कि,मोदी जी के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद जी को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर में संविधान से धारा 370 व आर्टिकल 35 ए को समाप्त किया, आज कश्मीर में अमनचैन है, इस अवसर पर प्रमुख रुप से संगोष्ठी के संयोजक जयलाल मालेकर,महामंत्री द्वय सोमेन्द्र देशमुख, दुष्यंत गिरी गोस्वामी, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र टेकाम,उपाध्यक्ष श्रीमती लता गुप्ता, संदीप लोढा,हेमलाल देशलहरा, पलाश गुप्ता, मोहन निषाद,जसराज शर्मा नेहा उपाध्याय सूर्य ठाकुर शोभा राजपूत जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जनपद सदस्य रोहिणी पिस्दा,श्रीमती टिकेश्वरी साहू भुवन यादव, दिलीप सिन्हा, राजेंद्र आर्दे, प्रीतम साहू, श्रीमती मीनू ठाकुर, मनोज भंडारी, दुलार सिंह, धिरेन्द्र टांक, निखिल शर्मा, देवप्रसाद साहू डोमेन्द्र देशमुख, जीवराखन कौमार्य, धीरज जैन, प्यारे लाल निषाद, अभय साहू, तुकाराम साहू,दिलीप बाफना,मनीष राजपूत, गिरधारी कोस्मा, कौशलेस देवांगन,दीनदयाल यादव, अजय कुमार बाफना, देवनारायण साहू, सुरेश साहू,नरेंद्र कुमार पिस्दा हेमचंद सिन्हा,सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# ग्राम तरौद में डायरिया का प्रकोप, विधिक सेवा सचिव पहुंचे गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम तरौद में डायरिया के प्रकोप से मृत्यु हो जाने की सूचना प्राप्त होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद की सचिव भारती कुलदीप के द्वारा तत्काल मौका स्थल पहुंचकर मुआयना किया गया। जिसकी सूचना प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एस.एल. नवरत्न को दी गई। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एस.एल. नवरत्न के द्वारा जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पीएचई विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक आहुत की गई। जिसमें प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एस.एल. नवरत्न के द्वारा संबंधित अधिकारियों को जिलें में आगामी भविष्य मे पानी से होने वाली बीमारियों के संबंध में देखरेख एवं उचित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### 27 जून को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**बालोद**। जिले में आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 27 जून को भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्र बड़ी श्रद्धाभक्ति के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। शहर के साथ कई गांवों में भगवान जगन्नाथ की रथयात्र लोगों द्वारा निकाली जाएगी। वहीं बालोद शहर के प्राचीन कपिलेश्वर मंदिर से भगवान जगन्नाथ के मंदिर से रथयात्र निकाली जाएगी। शहर के पारंपरिक रथ को भव्यता प्रदान करने नगर पालिका कर्मचारी और जगन्नाथ मंदिर रथयात्र आयोजन समिति के अनेक भक्त दिन–रात जुटे हुए हैं। जगन्नाथ मंदिर रथयात्र आयोजन समिति के अनुसार 27 जून को कपिलेश्वर मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विशेष श्रृंगार पूजन किया जाएगा। बाजे–गाजे के साथ रथयात्र कपिलेश्वर मंदिर से मधुचौंक, जयस्तंभ चौंक, शीतला मंदिर, नया बस स्टैंड, दल्लीचौंक, घड़ी चौंक से सदर रोड़ होते हुए वापस कपिलेश्वर मंदिर पहुंचेगी। रथयात्र के दौरान भगवान जगन्नाथ का स्वागत पारंपरिक सनातन संस्कृति के अनुसार किया जाएगा। भगवान जगन्नाथ, बड़े भई बलमद एवं बहन सुभद्रा के साथ वापस मंदिर में ही विराजेंगे एवं भक्तों को दर्शन देंगे। रथयात्र के दौरान सुप्रसिद्ध गजा मूंग का प्रसाद भक्तों को दिया जायेगा।

### डा. मुखर्जी के बलिदान दिवस ने लागए पौधे



**गुरूर**। भाजपा मंडल गुरुर में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखजएँ के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को मोदी के 11 साल, बलिदान दिवस, आपातकाल दिवस, मन की बात, पौधारोपण की जानकारी दी गयी और प्राप्त पत्रक एवं संकल्प पत्र वितरित किया गया और सभी शक्तिकेन्द्र और बूथों में कार्यक्रम यथाशीघ्र सम्पन्न कराने के लिए आग्रह किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यवक्ता नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, कौशल साहू ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद के जीवन और उनके कार्यों के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को बताया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, उपाध्यक्ष और संयोजक लेखक चतुर्वेदी, गणेश्वरी खरेंद्र, प्रेम कलिहारी, धर्मेंद्र साहू, महामंत्री ताम्रध्वज यादव, लिकेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष लेखराज पुरी, जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर, ललिता साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा, रामसहाय साहू, चंदन सिन्हा, जनपद सदस्य सुभद्रा साहू, दिनेश्वरी सिन्हा, लता साहू, पार्षद नारायण टेके, गिरधर साहू, बिंदा यादव, चंद्रलता साहू, चंद्रप्रकाश गाँधी, चिंता साहू, सोसाइटी अध्यक्ष गण, शक्तिकेन्द्र संयोजक, सह संयोजक, शक्तिकेन्द्र प्रभारी, सह प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि : भारतीय जनसंघ के संस्थापक एक देश एक विधान के प्रणेता थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ता ने मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एक देश एक विधान के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी मंडल अर्जुंदा द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन उद्यानिकी केंद्र में संपन्न हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके अद्वितीय योगदान और बलिदान की चर्चा करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारत माता की सेवा हेतु जेल में अपने प्राण अर्पण किए, उनका योगदान राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु, मंडल अध्यक्ष विश्वास गुप्ता, उपाध्यक्ष दौलत देशमुख, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता युगल बोरकर, पंकज चौधरी, संतराम पटेल, निरंजन दास साहू, सुरेंद्र देवांगन, पालेश्वर देशमुख, ओसाभ यादव, सोहनलाल पटेल, नरेंद्र देवांगन, मुरली मनोहर साहू, धन्ना देवांगन सरपंच अमीन साहू, छबि कोर्राम, उमेश देवांगन, शिखर साहू, खिलेश्वरी साहू, गजाधर यादव, दयाराम यादव, प्रीतम निर्मलकर, बृजेश सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### अचौद में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया



**बालोद/कलंगपुर**। भाजपा मण्डल गुण्डरदेही अंतर्गत प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर बूथ क्रमांक 248 अचौद मे मनाया गया। जिसमे उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पीत की गई। इस अवसर पर भाजपा अचौद शक्ति केंद्र संयोजक मोपेन्द्र कुमार साहू, बुधारू राम साहू, गणेश साहू, कोतु यादव, टोपसिंह ठाकुर, थलेश्वर सेन उपस्थित थे।

### पौधारोपण कर दी श्रद्धांजलि



**गुण्डरदेही**। एक पेड़ मां के नाम को मजबूत करते हुए डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि बलिदान दिवस पर बघमरा के श्रीराम मंदिर परिसर पर 11 पेड़ लगाकर उसे सुरक्षित एवं रोज पानी डालकर उनकी देख रेख करने का संकल्प लिया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को स्मृति बनाकर यह कार्यक्रम किया गया। उक्त अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष व पार्षद हरीश निषाद, सौरभ चोपड़ा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष व पूर्व पार्षद टीकाराम निषाद, बल्ला निषाद, विरेन्द्र बंजारे, उपस्थित थे।

### अर्जुनी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया



**बालोद/कलंगपुर**। भारतीय जनता पार्टी ओटेबन्द मण्डल के शक्ति केन्द्र अंतर्गत बूथ क्रमांक 217 ग्राम अर्जुनी में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ओटेबन्द मण्डल के कार्यक्रम संयोजक थानसिंह मंडावी, शक्ति केन्द्र संयोजक घना राम साहू, बूथ अध्यक्ष मोहन लाल साहू, बूथ सदस्य अर्जुन दास साहू, बसन्त साहू, सुशीला बाई साहू, धनेश्वरी बाई साहू, महेश्वरी बाई साहू, बिन्दु ठाकुर, देवंतीन बाई साहू, रिकेश साहू, कविता साहू, अनामिका साहू, जीतेश साहू उपस्थित थे।



### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**गुरूर**। भारतीय जनता पार्टी मण्डल सनौद के अरमरीकला शक्तिकेन्द्र में डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पाजंलि अर्पित किया गया। जिसमें शक्तिकेन्द्र के अंतर्गत आने वाले कार्यकर्ता में जिला मंत्री मंडल कोषध्यक्ष नरेश साहू, प्रधिकृत अधिकारी घनेद्र साहू, मंडल मंत्री पुरषोत्तम गंगबेर, वासुदेव मार्कण्डेय, धनराज गंजीर, रामजी साहू, भूपेंद्र साहू, अघन साहू, सुरेश नागवंशी, भागी साहू, वामन साहू, गुड्डा साहू, तिलक निषाद, पलटन साहू, हिरामन देवांगन सहित शक्तिकेन्द्र के 3 ग्राम के कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर में भाजपा कार्यकर्ता ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भारतीय जनता पार्टी मण्डल ओटेबन्द में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुखर्जी के तैल छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया, संगोष्ठी में मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू ने प्रस्तावना रखे जिस पर भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष लेख राम साहू, पूर्व महामंत्री इंद्रपाल सिंह चंद्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुरूषोतम लाल चंद्राकर,संगोष्ठी कार्य क्रम के जिला सह संयोजक कमलेश पाण्डे ने संगोष्ठी पर विचार रखे, पूर्व जिला अध्यक्ष साहू ने कहा कि मुखर्जी ने भारतीय जन संघ की स्थापना की और प्रथम अध्यक्ष बने गए , पूर्व जिला महामंत्री चंद्राकर ने कहा कि मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री बने इनका उद्देश्य ग्रामीण आबादी की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार करके ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट गांव बनाना, जिला उपाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक भारतीय राजनीतिज्ञ बैरिस्टर और शिक्षाविद थे, जनपद अध्यक्ष। इस संगोष्ठी की संचालन मंडल संयोजक थानसिंह मंडावी ने किया एवं आभार व्यक्त मंडल सह संयोजक कौशल किशोर साहू ने किया,इस अवसर पर महामंत्री हेमंत साहू, तुलेश्वर चंद्राकर, उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल, हेमलता देशलहरा, जनपद सदस्य संध्या मनोज खरे, संयोजक घना राम साहू, उमाशंकर नेताम, भूपेन्द्र निषाद, दालसिंह मंडावी,सहित भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन के निर्देशन पर ओटेबंद मंडल के शक्तिकेद्र के ग्राम पांगरी में बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पांगरी सरपंच प्रमोद पटेल, जनपद सदस्य संध्या खरे, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, ढालसिंह मंडावी, लोकेश चंद्राकर, बहुर सिंह खरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को पढ़ाई करने की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय प्राथमिक शाला कोलिहापुरी पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल कोलिहापुरी में नवप्रवेशी बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग सरस्वती बंजारे, कार्यक्रम , अध्यक्षा प्राचार्य रामकुमार साव , विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य दुर्ग आशा विक्की मिश्रा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जागेंद्र दुबे, कोलिहापुरी सरपंच ईश्वर प्रसाद साहू, उपसरपंच भूपेंद्र यादव एवं ग्राम पंचायत कोलिहापुरी के पंच उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण में प्राचार्य द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अतिथियों का स्वागत किए। विशिष्ट अतिथि आशा विक्की मिश्रा ने बच्चों को आशीष वचन दिए व सरपंच ग्राम पंचायत द्वारा प्रमुख मांग को याद कराते हुए बच्चों को आशीष प्रदान किए। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में बच्चों को अनुशासन में रह कर एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में रहकर पढ़ने को प्रेरित किये। तत्पश्चात सभी बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत कोलिहापुरी के पूर्व सरपंच ज्वाला प्रसाद देशमुख ने नेवता भोजन बनवाया गया था। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन टामिन वर्मा एवं योगिता सायतोड़े ने की कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संकुल प्राचार्य साजी एंथोनी एवं मंशा, गुरुजी , संजय साहू, सरिता साहू, सुनीति दुबे, प्रीति लता शर्मा, लक्ष्मी देवांगन, अनीता वर्मा , आरती चंद्राकर , पूर्णिमा ठाकुर, भावना, राखी चौधरी, smc के सभी सदस्य व पूर्व सरपंच उपस्थित रहे। व आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक नीलू महिकवार ने की। प्रकार कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण भी किया गया।



### शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**लाटाबोड़**। शासकीय प्राथमिक शाला लासाटोला संकुल डुंडेरा में सोमवार 23 जून को सम्माननीय सरपंच थलेश सिन्हा पंचगण, पालक गण, एसएमसी सदस्यगणो की गरिमामयी उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें नव प्रवेशी कक्षा पहली के बच्चों का तिलक लगा कर मुंह मीठा कराके, उनके हाथों का निशान लेकर स्वागत किया गया एवं बच्चों को गणवेश और पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। जिसमे शाला के सभी शिक्षकगण उपस्थिति रहे।

## जिला शिक्षा कार्यालय में व्यायाम शिक्षकों की बैठक सम्पन्न



**बालोद**। व्यायाम शिक्षको की बैठक विवेकानंद सभागार कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालोद में रखी गई थीं। जिसमें उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, सहायक क्रीड़ा अधिकारी किशोर मेहरा, जिला खेल सम्यक स्वपन जेना, व्यायाम शिक्षक जीवन लाल साहू, जेएस ठाकुर उपस्थित थे। बैठक मे जिला खेल कैलेंडर सत्र 2025–26 के निर्माण और आगामी शालेय स्तरीय खेल प्रतियोगिता की जानकारी देने बैठक रखा गया था। इस बैठक में जिले के समस्त व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे।

### घीना स्कूल में आज होगा जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव, सांसद भोजराज नाग रहेंगे मुख्य अतिथि

**बालोद**। बालोद जिले में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन मंगलवार 24 जून को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में सुबह 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सासंद भोजराज नाग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर करेंगी। समारोह में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### प्रधानमंत्री किसान निधि और आयुष्मान कार्ड का लाभ पाकर खिले ग्रामीणों के चेहरे

# शिविर से किसानों और महिलाओं को मिला त्वरित लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भरदा लो में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में ग्राम बनगांव निवासी आदिवासी किसान कीर्तन कोसमा के ई केवायसी की प्रक्रिया पूरी होने पर अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शेष राशि शीघ्र प्राप्त हो जाएगी। ग्राम भरदा लो में आयोजित शिविर के माध्यम से उनके शीघ्र ई केवायसी की प्रक्रिया पूरी होने पर किसान कीर्तन कोसमा बहुत ही प्रसन्नचित एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शेष राशि के प्राप्ति हेतु पूरी तरह आशान्वित नजर आ रहे थे। इसी तरह शिविर में अपने दो नन्हें बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनने से ग्राम भरदा लो के आदिवासी ग्रामीण महिला सावित्री बाई बहुत ही खुश नजर आ रही थी। शिविर में उनके समस्याओं का तत्काल निराकरण होने पर उनके चेहरे पर संतोष का भाव स्पष्ट नजर आ रहा था। भरदा लो में आयोजित शिविर के माध्यम से अपने जैसे का म का जी महिला के समस्या का त त्का ल निराकरण होने पर प्रसन्नचित नजर आ रही सावित्री बाई ने केन्द्र सरकार के द्वारा धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविर आयोजन की जनहितैषी पहल की भूरी-भूरी सराहना की है। ग्राम भरदा लो में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के माध्यम से ई केवायसी की प्रक्रिया पूर्ण होने पर प्रसन्नचित नजर आ रहे किसान श्री कीर्तन कोसमा ने बताया कि वे एक मेहनत मजदूरी कर जीवन-यापन करने वाले एक खेतीहर किसान है। उन्होंने बताया कि उनका ई केवायसी नही होने के कारण उनके खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि नही जमा हो रहा था। जिसके कारण वे बहुत परेशान हो जाते थे। लेकिन आज भरदा लो में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के माध्यम से कृषि विभाग के सहयोग के माध्यम से आसानी से ई-केवायसी होने के पश्चात होने से उनके खाते में किसान सम्मान निधि योजना की शेष चार किश्त की राशि जमा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज लाभ संतृप्ति शिविर के माध्यम से सहजता से उनका ई-केवायसी होना हमारे लिए बहुत बड़ा सौगात है। किसान कीर्तन कोसमा ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से हमारे जैसे अनेक जरूरतमंद लोगों के समस्याओं का तत्काल निराकरण हो रहा है, जो कि बहुत ही सराहनीय कदम है। इसी तरह ग्राम भरदा लो में आयोजित शिविर के माध्यम से अपने दो छोटे बच्चे मानस और दुर्गेश का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी होने पर ग्राम भरदा लो की ग्रामीण महिला सावित्री बाई ने केन्द्र सरकार की पहल पर आयोजित इस लाभ संतृप्ति शिविर की मुक्तकंठ से सराहना की है। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे अनेक घरेलु एवं कामकाजी महिला जो अपने कार्यों की व्यस्तता की वजह से ग्राहक सेवा केन्द्र आदि में जाने के लिए समय नही निकाल पाते है। उनके लिए हमारे गांव के समीप आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर अत्यंत उपयोगी एवं लाभप्रद साबित हो रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले भारत सरकार को हृदय से धन्यवाद देते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।



online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411